# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 25.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)

***************

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र की कार्यवाही भोजनावकाश के बाद शुरु होते ही फिर हंगामे की भेंट चढ़ गयी। सत्ता पक्ष और विपक्ष के शोर शराबे के कारण विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही साढ़े तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दिया है। इससे पहले आज पक्ष–विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। सबसे पहले दिन के साढ़े बारह बजे तक के लिए और  दूसरी बार भोजनावकाश तक के लिए कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। विपक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को नजरबंद करने और सूर्या हांसदा की फर्जी मुठभेड़ की घटना को नोटिस के जरिए सदन में उठाते हुए चर्चा की मांग की, लेकिन सरकार के असहमति जताने पर सदन में हंगामा होने लगा। इसके बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्त वर्ष 2023–24 का सीएजी रिपोर्ट सदन में पेश किया और भाजपा विधायक राज सिन्हा ने चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम अनुपूरक बजट का कटौती प्रस्ताव लाया। सत्ता पक्ष ने भी 130वें संविधान संशोधन का विरोध किया।

***************

सूर्या हांसदा के  एनकाउंटर मामले की  जांच करने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की आठ सदस्यीय टीम गोड्डा पहुंची है। टीम ने पीड़ित परिवार से मिलकर जानकारी ली और घटना स्थल का भी दौरा किया। टीम का नेतृत्व कर रही डॉ आशा लकड़ा ने परिवार के लोगों के साथ मुलाकात के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े किए।

***************

मानसून सत्र समाप्त होने के बाद हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष की हठधर्मिता के कारण संसद के मानसून सत्र में अपेक्षा के अनुरुप काम नहीं हो सका। श्री जायसवाल ने ऑनलाइन गेमिंग प्रमोशन और रेग्युलेश बिल 2025 को काफी सार्थक पहल बताया।

***************

भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय औद्योगिक भागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से रांची में ईस्ट टेक 2025 पूर्वी टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव का आयोजन कल किया जायेगा। यह  कॉन्क्लेव रांची के दीपाटोली स्थित केरकेट्टा ऑडिटोरियम में होगा।  कार्यक्रम में भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय के कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी शामिल होंगे।

***************

खूंटी जिले के एकलव्य विद्यालय में जनजातीय विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता अन्य सरकारी विद्यालयों से बेहतर मिल रही है। और जानकारी के साथ हमारी संवाददाता–

***************

लोहरदगा जिले में खेत में काम कर रहे एक किसान की मौत करंट लगने से हो गई। किसान खेत में काम कर रहा था और पास में ही विधुत प्रवाहित 11 हजार वोल्ट का तार टूट कर गिरा हुआ था। काम करते करते किसान तार की चपेट में आ गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

***************

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2024 के लिए नामांकन आमंत्रित किया है। नामांकन 30 सितंबर तक ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं। यह पुरस्कार युवाओं को राष्ट्रीय विकास और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित करने तथा स्वैच्छिक संगठनों के उल्लेखनीय योगदान को मान्यता देने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है।

**************